दिन–मंगलवार दिनांक– 11 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में ऐतिहासिक मतदान रिकॉर्ड किया गया। मतगणना चौदह नवम्बर को।

02 बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नीतीश मिश्रा और लेशी सिंह समेत नीतीश सरकार के बारह मंत्रियों और कई दिग्गजों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में हुआ सील।

03. एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये। राजनीतिक सरगर्मी के बीच जदयू अध्यक्ष और मुख्यमत्री नीतीश कुमार ने घर जा कर पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह से मुलाकात की।

04. और, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शकील अहमद ने प्रदेश इकाई से नाराज होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदाताओं ने पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम पांच बजे तक सड़सठ दशमलव एक चार प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतगणना चौदह नवम्बर को होगी। दूसरे चरण के तहत औरंगाबाद, गया, नवादा, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, मधुबनी, सुपौल, कटिहार और किशनगंज समेत बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग हुई। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

दूसरे चरण में ऐतिहासिक वोटिंग दर्ज की गयी है। पहले चरण में जहां एक सौ इक्कीस सीटों पर पैंसठ प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं दूसरे चरण में मतदाताओं ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सबसे अधिक किशनगंज जिले में जबकि सबसे कम नवादा जिले में मतदान हुआ है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं की अधिक भागीदारी देखी गयी। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मतदान हुआ है। सीमांचल के जिलों अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में मतदाताओं ने रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग की। वहीं, नक्सल प्रभावित इलाकों में भी मतदाताओं ने बिना किसी भय के माहौल में मतदान किया। राज्य के कई हिस्से से किसी अप्रिय खबर की सूचना नहीं है। अब लोगों की निगाहें चौदह नवम्बर की ओर लगी हैं जब मतों की गिनती होगी और राजनीतिक दलों के भविष्य का फैसला होगा।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं अभिषेक दास।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान की समाप्ति के बाद एक सौ छत्तीस महिला समेत एक हजार तीन सौ दो प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

दूसरे चरण के मतदान में नीतीश कुमार कैबिनेट के बारह मंत्री समेत कई दिग्गजों का चुनावी भाग्य ईवीएम में सील हो गया है। मतदाताओं ने मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रेम कुमार, रेणु देवी, नीतीश मिश्रा, नीरज सिंह बबलू और लेसी सिंह समेत कई राजनीतिक दिग्गजों के राजनीतिक भाग्य का फैसला कर दिया है। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, भाकपा माले के महबूब आलम और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी की राजनीतिक किस्मत भी ईवीएम में सील हो गयी है। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अनिल कुमार की चुनावी किस्मत भी ईवीएम में सील हो गयी है।

---

हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्य के नक्सल प्रभावित हिस्सों में शांतिपूर्ण महौल में मतदान सम्पन्न हुआ। जमुई जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों सिकंदरा, जमुई, झाझा और चकाई में शाम पांच बजे तक ही वोट डाले गये।

———रिपोर्ट———

नक्सल प्रभावित जमुई जिले में सुरक्षा के चाक–चौबंद प्रबंध के बीच मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। कुल सड़सठ दशमलव आठ एक प्रतिशत मतदाताओं ने वोटिंग की। जिले के चोरमारा गांव में पच्चीस साल बाद विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण इस गांव में मतदान केन्द्र नहीं बनाये जाते थे। मतदाताओं ने कहा कि दशकों बाद मतदान कर वे सही मायने में आजादी का अनुभव कर रहे हैं। वहीं, जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए जमुई से प्रशांत कुमार सिंह।

बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि पश्चिम चम्पारण जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में महिला, बुजुर्ग और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

———रिपोर्ट———

नवादा जिले के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में सुबह से ही मतदाता कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुये दिखे।

———बाइट———

नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न हुआ।

———रिपोर्ट———

औरंगाबाद जिले के सभी छह विधानसभा सीटों पर शाम पांच बजे तक चौंसठ दशमल चार आठ प्रतिशत मतदान हुआ। चार सौ दो संवेदनशील बूथों पर शाम पांच बजे तक ही समय निर्धारित था जबकि शेष अन्य बूथों पर शाम छह बजे तक वोट डाले गये। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मदनपुर, देव, कुटुम्बा और रफीगंज में मतदाताओं ने बिना किसी डर के माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले की छह विधानसभा सीटों पर भाजपा और जदयू

दो–दो जबकि हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और लोक जनशक्ति पार्टी एक–एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, मतहागठबंधन से राजद चार और कांग्रेस दो सीट पर चुनाव मैदान में है। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

सीमांचल के जिलों में मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। किशनगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि पोलिंग बूथों पर सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतारें देखने को मिली।

———रिपोर्ट———

दिव्यांग, महिला और बुजुर्ग मतदाताओं के साथ–साथ पहली बार मतदान करने वाले वोटरों ने बढ़–चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। शाम पांच बजे तक जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों बहादुरगंज, ठाकुरगंज, किशनगंज और कोचाधामन में रिकॉर्ड छिहत्तर दशमलव दो छह प्रतिशत मतदान हुआ है। सुबह से ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मतदान केन्द्रों का जायजा लेते दिखे। आकाशवाणी समाचार के लिए किशनगंज से विशाल कुमार।

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे। साथ ही मतदान केंद्रों पर जनसुविधाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी।

———रिपोर्ट———

सुपौल जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों–निर्मली, पिपरा, सुपौल, त्रिवेणीगंज और छातापुर में शाम पांच बजे तक सत्तर दशमलव छह नौ प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह से ही विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी–लंबी कतारें देखी गयी। पिपरा विधानसभा क्षेत्र के आदर्श उत्क्रमित उच्च मध्य विद्यालय अभुआड़ स्थित मतदान केंद्र पर एक गंभीर मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर मतदान के लिए पहुंचा। दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं की भी सक्रिय सहभागिता देखी गयी। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान की समाप्ति के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी–अपनी जीत के दावे किए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मतदाताओं ने एनडीए को एक बार फिर सत्ता में वापस लाने का मन बना लिया है।

———बाइट———

जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि चौदह नवम्बर को प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

———बाइट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दावा किया कि एक सौ साठ सीटों पर एनडीए को जीत मिलने जा रही है।

———बाइट———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि लोगों का जो रूझान दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि एनडीए की एक बार फिर से वापसी होने जा रही है।

———बाइट———

इधर, राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि इस बार राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

———बाइट———

जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि लोगों ने इस बार परिवर्तन के लिए मतदान किया है। दोनों चरणों में हुई वोटिंग बदलाव का संकेत देती है।

———बाइट———

---

राजनीतिक सरगर्मी के बीच जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह के पटना स्थित आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। लगभग बीस मिनट चली इस मुलाकात के दौरान वर्तमान राजनीतिक हालातों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

---

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शकील अहमद ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी अध्यक्ष को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि वे अब किसी अन्य पार्टी में नहीं जा रहे हैं। डॉक्टर शकील अहमद पार्टी की राज्य इकाई से नाराज चल रहे थे।

---

अरवल के बूथ संख्या एक सौ नवासी पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी अरविंद कुमार की हृदय गति रूकने से मौत हो गयी। ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गय। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

---

अररिया के फारबिसगंज में भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प हो गयी। प्रशासन के हस्ताक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। इधर, जहानाबाद के बूथ संख्या दो सौ बीस पर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में चार लोग घायल हो गये।

---

पटना के पाटलिपुत्र गोलम्बर के पास जन सुराज के कैम्प कार्यालय में आज दोपहर बाद आग लग गयी। घटना के बाद अफरा–तफरी का माहौल बन गया। अगलगी की घटना में कैम्प कार्यालय में रखी चार मोटरसाईकिल जल कर राख हो गयी। पुलिस और अग्निशमन की टीम अगलगी की घटना की जांच कर रही है।

---

मोकामा के चर्चित दुलार चंद यादव हत्याकांड मामले में सीआईडी ने जांच तेज कर दी है। सीआईडी की टीम ने भदौर थाना क्षेत्र के बसावनचक पहुंचकर तीन घंटे से अधिक सर्च ऑपरेशन चलाया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में ऐतिहासिक मतदान रिकॉर्ड किया गया। मतगणना चौदह नवम्बर को।

02 बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नीतीश मिश्रा और लेशी सिंह समेत नीतीश सरकार के बारह मंत्रियों और कई दिग्गजों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में हुआ सील।

03. एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये। राजनीतिक सरगर्मी के बीच जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घर जा कर पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह से मुलाकात की।

04. और, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शकील अहमद ने प्रदेश इकाई से नाराज होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।